मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

क्रमांक : मोलासुविवि / उपाधि / दीक्षान्त समारोह / 2023 / 829

दिनांक : 29 / 11 / 2023

दीक्षान्त समारोह अधिसूचना

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा वर्ष 2022 की परीक्षा में उर्त्तीण हुए उपाधिधारियों के लिए 31वां दीक्षान्त समारोह दिनांक **21 दिसम्बर 2023** को आयोजित होना प्रस्तावित है। इस समारोह में डॉक्टर आफ फिलॉसफी (Ph.D.) उपाधिधारियों को उपाधियाँ एवं स्वर्ण पदक धारकों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेगें।

अतः जो उपाधिधारी उक्त समारोह में उपाधि एवं स्वर्णपदक प्राप्त करने के इच्छुक हों, वे दिनांक **30.11.2023** से **13.12.2023** तक समारोह में उपस्थित होने की लिखित सूचना सलंग्न प्रारूप में मय शुल्क रू. 500.00 के डिमान्ड ड्राफ्ट अथवा पे ऑर्डर "वित्त नियंत्रक, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर" **(The Comptroller, Mohanlal Sukhadia University, Udaipur)** के नाम सहित उप कुलसचिव (उपाधि) को प्रेषित करें ताकि उनके लिए विश्वविद्यालय सभागार में स्थान सुरक्षित किया जा सके। **निर्धारित प्रारूप एवं तिथि तक में सूचना नहीं देने वाले उपाधिधारियों को समारोह मे शामिल नहीं किया जायेगा।** समारोह के दिन उपाधिधारी पर्यावरण विभाग भवन, विश्वविद्यालय परिसर में पंजीकरण कर बेज प्राप्त करे एवं सभागार में अपना निर्धारित स्थान ग्रहण कर लेवें।

नोट :–

1. डॉक्टर आफ फिलॉसफी उपाधिधारियों को जिनका वाईवा–वोसी दिनांक **11.12.2022** से **11.12.2023** तक हो चुका हो उनको उपाधियाँ प्रदान की जायेगी।
2. डॉक्टर आफ फिलॉसफी / स्वर्ण पदक धारको को दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने के लिये निर्धारित पोशाक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते समय विश्वविद्यालय सभागार में प्रवेश करने हेतु प्रवेश पत्र दिया जावेगा बिना प्रवेश पत्र के, बिना निर्धारित पोशाक के तथा दीक्षांत समारोह की गरिमा बनाये रखने के क्रम मे छोटे बच्चों को प्रवेश नही दिया जावेगा।
3. दीक्षान्त समारोह के दिनांक एवं समय में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना (यदि हुई तो) विश्वविद्यालय वेबसाइट तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित की जायेगी।
4. **डिग्री / मेडल प्राप्त करने वाले विधार्थी की पोशाक :**
   पुरूष – खादी कपड़े का सफेद कलर का कुर्ता–पायजामा / खादी कपड़े का पेन्ट–शर्ट / धोती–कुर्ता एवं काले जूते।
   महिला – खादी सफेद साड़ी मय लाल बोर्डर व लाल ब्लाऊज / सफेद सलवार–सूट मय लाल चुन्नी / दुपट्टा एवं काले सेन्डिल / स्लिपर।
5. दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित सूचना एवं समारोह में उपस्थित होने की लिखित सूचना के प्रपत्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक website www.mlsu.ac.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं। **इस सम्बन्ध में अन्य आगामी सभी सूचनाओं की जानकारी के लिये समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाईट** का अवलोकन करे। दीक्षान्त समारोह से संबंधित कोई **भी सूचना अलग से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।**
6. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाता / प्राचार्य से निवेदन है कि उपरोक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर अपने – अपने महाविद्यालय के सूचनापट्ट पर प्रदर्शित करें।
7. दीक्षांत समारोह में आने–जाने हेतु कोई भी यात्रा भत्ता एवं अन्य किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित :–

1. अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय विज्ञान महाविद्यालय / विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय / विश्वविद्यालय वाणिज्य एवं प्रबन्ध अध्ययन महाविद्यालय / विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय, उदयपुर।
2. निदेशक, प्रबन्ध अध्ययन संकाय / कम्पयुटर सेन्टर।
3. वित्त नियंत्रक / परीक्षा नियंत्रक / विश्वविद्यालय अभियन्ता / ऑफिसर इंचार्ज, इलेक्ट्रिक सेल, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
4. उप–कुलसचिव परीक्षा / वरिष्ठ लेखाधिकारी / अनुभाग अधिकारी, परीक्षा / गोपनीय / बैठक / सामान्य, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
5. प्राचार्य, विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय।
6. जिला जन सम्पर्क अधिकारी, मोहता पार्क, सूचना केन्द्र, उदयपुर।
7. कुलपति के निजी सचिव / अतिरिक्त निजी सचिव, कुलसचिव, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
8. निदेशक कम्प्युटर सेन्टर / इन्टरनेट सेन्टर / हेल्पलाइन, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर जारी करने हेतु।

उप कुलसचिव
(उपाधि)